

लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

**SOLUTIONS TO GLOBAL CHALLENGE OF CLIMATE CHANGE WILL EMERGE FROM INDIA: LOK SABHA SPEAKER/भारत जलवायु परिवर्तन की वैश्विक चुनौती का समाधान करेगा: लोक सभा अध्यक्ष**

…

**INDIA IS LEADING THE WORLD IN ENVIRONMENT PROTECTION: LOK SABHA SPEAKER/पर्यावरण संरक्षण में भारत दुनिया में अग्रणी है: लोक सभा अध्यक्ष**

…

**LET'S MAKE CLIMATE PROTECTION A MASS MOVEMENT: LOK SABHA SPEAKER/जलवायु संरक्षण को जन आंदोलन बनाएं: लोक सभा अध्यक्ष**

…

**LOK SABHA SPEAKER PLANTS SAPLING IN INDORE AS PART OF PM'S 'EK PED MAA KE NAAM' CAMPAIGN/प्रधान मंत्री के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत लोक सभा अध्यक्ष ने इंदौर में पौधारोपण किया**

…

**Indore/New Delhi; 9 July, 2024:** Lok Sabha Speaker Shri Om Birla who was on a one day visit to Madhya Pradesh planted a sapling at Bijasan forest camp plantation site, Indore, as part of Prime Minister Shri Narendra Modi's 'Ek Ped Maa Ke Naam' campaign.

Speaking on this occasion, Shri Birla highlighted India's commitment to reduce carbon footprints and the measures being taken by the Government in this regard. In this regard, tree plantation has been proved to be the most effective way to prevent global warming, deforestation and environmental damage, noted Shri Birla. Plantation will help us to deal with the problem of climate change and also maintain ecological balance, he added. Shri Birla also observed that planting saplings should not be an end in itself but we need to protect them so that they grow into big trees. Monitoring activities like geo tagging by the government will prove very helpful in protecting these activities, Shri Birla suggested. He urged the people to make plantation and protection of tress a mass movement.

Mentioning the cultural and spiritual aspects of plantation, Shri Birla spoke about the importance of environment protection as one of the core aspects of Indian culture. People in India have lived in harmony with nature since ancient times. Our

culture and traditions have taught us to live in harmony with other creatures and nature, said Shri Birla.

Appreciating the initiative of Prime Minister Shri Narendra Modi in protecting climate, Shri Birla mentioned that the Prime Minister's vision and efforts are guiding the global community towards a better and sustainable world. Shri Modi has taught the people on the values of sustainable livelihood, noted Shri Birla. 'Ek Ped Maa Ke Naam', the campaign launched by the Prime Minister will be a milestone in India's efforts towards climate protection, Shri Birla observed. Lok Sabha Speaker mentioned that the future generation should be sensitized to protect climate so that collectively we can face the global challenge of climate protection. India is leading the world in efforts to contain climate change and solutions to global climate concerns will emerge from India, emphasized Shri Birla.

Former Lok Sabha Speaker, Smt. Sumitra Mahajan and Minister in the Government of Madhya Pradesh Shri Kailash Vijayvargiya remained present on this occasion.

Earlier on the day, Shri Birla visited Pitreshwar Hanuman Mandir and offered prayers for peace and prosperity in the society.

**इंदौर/नई दिल्ली; 9 जुलाई, 2024:** मध्य प्रदेश के एक दिवसीय दौरे पर आए लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत इंदौर के बिजासन वन शिविर वृक्षारोपण स्थल पर पौधारोपण किया। इस अवसर पर श्री बिरला ने कार्बन फुटप्रिंट कम करने की भारत की प्रतिबद्धता और इस संबंध में सरकार द्वारा किए जा रहे उपायों के बारे में बात की। श्री बिरला ने कहा कि वृक्षारोपण ग्लोबल वार्मिंग, वनों की कटाई और पर्यावरण को होने वाले नुकसान को रोकने का सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने यह भी कहा कि वृक्षारोपण से हमें जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में मदद मिलेगी। श्री बिरला ने आगे कहा कि हमारा लक्ष्य केवल पौधे लगाना ही नहीं होना चाहिए, बल्कि हमें उन्हें संरक्षित भी करना चाहिए ताकि वे बड़े पेड़ बन सकें। श्री बिरला ने सुझाव दिया कि सरकार द्वारा जियो टैगिंग जैसी तकनीक से पेड़ों की सुरक्षा में बहुत मदद मिलेगी। उन्होंने लोगों से वृक्षारोपण और पेड़ों की सुरक्षा को जन आंदोलन बनाने का आग्रह किया।

वृक्षारोपण के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहलुओं का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण भारतीय संस्कृति का एक प्रमुख आयाम है और भारत में प्राचीन काल से ही लोगों और प्रकृति के बीच सामंजस्य रहा है । उन्होंने बताया कि हमारी संस्कृति और परंपराओं से हमें अन्य प्राणियों और प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर जीवन जीने की सीख मिली है।

जलवायु संरक्षण के क्षेत्र में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई पहल की सराहना करते हुए श्री बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन और प्रयासों के फलवरूप लोग एक बेहतर दुनिया और सतत विकास के लक्ष्य की ओर अग्रसर हैं। श्री बिरला ने कहा कि श्री मोदी ने लोगों को सतत आजीविका के मूल्यों का ज्ञान भी दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किया गया 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान जलवायु संरक्षण की दिशा में भारत के प्रयासों में उल्लेखनीय कदम होगा। लोक सभा अध्यक्ष ने कहा कि भावी पीढ़ी को जलवायु संरक्षण के प्रति जागरूक बनाया जाना चाहिए ताकि हम सामूहिक रूप से जलवायु संरक्षण की वैश्विक चुनौती का सामना कर सकें। श्री बिरला ने इस बात पर ज़ोर दिया कि जलवायु परिवर्तन की समस्या के निवारण में भारत दुनिया का नेतृत्व कर रहा है और भारत जलवायु संबंधी वैश्विक समस्या का समाधान करेगा।

पूर्व लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन और मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री, श्री कैलाश विजयवर्गीय भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

इससे पहले, श्री बिरला ने पितरेश्वर हनुमान मंदिर में दर्शन किए और समाज में शांति और समृद्धि की प्रार्थना की।